हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026



# 13 हजार को टोकन जारी, पिछले साल से दो हजार अधिक किसान बेचेंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार की धान खरीदी में प्रशासनिक कसावट देखने को मिली। पड़ोसी राज्यों से आने वाले धान को पकड़े जाने का नया रिकार्ड बना। वहीं रकबा समर्पण में भी पिछले सालों के मुकाबले आठ गुना रकबा समर्पण हो गया है। इसके बावजूद जिले में धान बेचने वाले किसानों की संख्या घटने के बजाए बढ़ते जा रही है। सरकारी आंकड़ों की माने तो अंतिम अवधि यानी 31 जनवरी तक जारी टोकन को मिलाकर इस बार लगभग 1.27 हजार किसान सरकार को धान बेचेंगे। यह पिछले साल से लगभग दो हजार अधिक है।

वहीं इसके अलावा इस बार पहली बार धान कोचियों और बिचौलियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा अपनाए गए सख्त तेवर के चलते लगभग 400 करोड़ का अवैध धान सोसायटियों में नहीं बिक पाया है। जिसके कारण अवैध धान के धंधे में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन की सीमा पर नाकाबंदी से धान कोचियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पहले दिन से ही मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के बेरियरों में जांच पड़ताल शुरू की गई थी। खास बात यह है कि सोसायटियों में धान बेचने के लिए कटाए गए तकरीबन 700 टोकन का जब भौतिक सत्यापन किया गया, तब यह खुलासा हुआ कि 14 हजार क्विंटल धान है ही नहीं और टोकन कटवा लिया गया है।



### 50 वाहन भी किया जब्त

जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के शुरू दिन से ही कोचियों और बिचौलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान का यह असर हुआ है कि राजनांदगांव से लेकर डोंगरगढ़ और डोंगरगांव अनुविभाग में लगभग 14 करोड़ रुपए की अवैध धान के साथ 50 वाहन जब्त किए गए हैं। अवैध धान तकरीबन 43912 क्विंटल जब्त की गई है।

### 1,14508 किसानों ने बेचा धान

राजनांदगांव जिले में गत वर्ष की तुलना में ज्यादा किसानों ने धान बेचा है। एक आकड़े के मुताबिक 114508 किसानों ने अब तक धान की बिक्री है। आगामी बचे दिनों के लिए जो टोकन जारी किए गए हैं, उसकी संख्या 12949 है। इस तरह से दो हजार किसान गत वर्ष की तुलना ज्यादा धान बेचेंगे। इस बीच यह भी ध्यान रखा गया है कि राजनांदगांव जिले के किसानों को सोसायटियों में किसी भी प्रकार की धान बेचने में परेशानी न हो। यही वजह है कि किसानों ने पूरा उत्साहपूर्वक धान बेचा है।


## एसआईआर प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति की अंतिम मोहलत समाप्त

# 10530 लोगों ने दिया नोटिस का जवाब, नाम जुड़वाने 8542 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर प्रक्रिया के तहत 4 नवंबर से 17 दिसंबर तक चली गणना प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया के बाद जिन लोगों के दस्तावेज अधूरे थे, उन 18 हजार लोगों को अनुविभागीय अधिकारियों के जरिये नोटिस जारी की गई थी। इन लोगों को दोबारा बीएलओ से संपर्क कर अपने अधूरे दस्तावेज को पूरा करने कहा गया था। वहीं नाम जुड़वाने, संशोधन की अवधि अब समाप्त हो गई है।

पिछले एक महीने के दौरान इन 18233 लोगों में से 10530 ने अपने दस्तावेज जमा करा दिए हैं। हालांकि अब भी लगभग पौने आठ हजार लोगों के दस्तावेज नहीं आए हैं। इन लोगों के पास अपने दस्तावेज जमा कराने के लिए 14 फरवरी तक का समय है। इस प्रक्रिया के अलावा नए नाम जुड़वाने, संशोधन के लिए भी प्रक्रिया जारी थी। जिसकी अवधि आज समाप्त हो जाएगी। जिले में नया नाम जुड़वाने के लिए कुल 8542 आवेदन आए हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में नहीं आया है। इधर नोटिस मिलने के बाद दस्तावेज जमा कर रहे लोगों का बीएलओ पर नाराजगी देखने को भी मिल रही है। लोगों का कहना है कि गणना प्रपत्र जमा करने के दौरान जब सभी दस्तावेज जमा करा दिए गए थे तो कैसे उनके दस्तावेज को ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया।



■ नोटिस का जवाब देने 14 फरवरी तक का समय

### नाम कटवाने 752 ने किया आवेदन

23 दिसंबर से जहां नोटिस और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं इस दौरान फार्म 6, 7 और 8 भी जमा कराए जा रहे थे। जिसकी अंतिम अवधि आज समाप्त हो जाएगी, जहां जिलेभर से नाम जुड़वाने के लिए 8542 आवेदन आए हैं। वहीं नाम कटवाने के लिए 752 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं अपने मतदाता परिचय पत्र में दर्ज जानकारी में संशोधन कराने के लिए जिलेभर से 3783 आवेदन जमा हुए हैं।

### बाहर से आई बहुएं सर्वाधिक परेशान

मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में जिन 18233 लोगों को अधूरे दस्तावेज के कारण नोटिस जारी की गई है, उनमें अधिकांश दूसरे प्रदेश से आई बहुएं शामिल हैं। बताया गया कि इन मतदाताओं द्वारा 2003 एसआईआर की जानकारी नहीं दिए जाने के चलते इनको नोटिस जारी की गई है। ऐसे में अब अपने जन्म के प्रमाण के लिए इन्हें दस्तावेज जमा करने पड़ रहे है। वहीं कई मामलों में बीएलओ स्तर के अफसरों की लापरवाही भी सामने आ रही है।

### 21 फरवरी को आएगी अंतिम सूची

मिली जानकारी के अनुसार पिछले 23 दिसंबर से दावा-आपत्ति और नोटिस के बाद सुनवाई व सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसकी अवधि आगामी 14 फरवरी तक जारी रहेगी। बताया गया कि इस दौरान नोटिस मिलने के बाद अपने अधूरे दस्तावेज को पूरा करने वाले मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में जोड़ दिए जाएंगे। वहीं जिन लोगों द्वारा दस्तावेज जमा नहीं कराए जाएंगे, उनके नाम हटा दिए जाएंगे। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## वाद-विवाद कर शांति भंग, पांच के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अशांति फैलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ चिखली चौकी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत वाद-विवाद कर शांति भंग करने वाले रामा पारधी 21 साल बोइरडीह, प्रदीप पारधी 26 साल बोईरडीह, दिलीप यादव 48 साल मोहबा, जितेन्द्र यादव 40 साल मोहबा एवं गुहा उर्फ बंसत निषाद 40 साल मोहबा को असंज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर आरोपियों को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

**बेचना हैं**

रिवर न्यू फार्म हाउस भूमि नदी किनारे डूंडेरा से मुड़पार से होकर डोंगरगढ़ जाने वाली डामर रोड पर स्थित भूमि बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653

**जमीन बेचना हैं**

कमर्शियल (व्यावसायिक) जमीन तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ जाने वाली मुख्य मार्ग पर ग्राम डूंडेरा में स्थित है।

- संपर्क करें -
Mo. 7770999355

**संजीवनी**
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



डॉ. रजत देब
कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट
(व्यस्क एवं बाल चिकित्सक)
डीएम एंडोक्राइनोलॉजी (कोलकाता)
एमडी मेडिसिन, एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट)

अंचल के प्रथम एवं एकमात्र मधुमेह (डायबिटीज) थायरॉइड एवं हार्मोन के सुपर स्पेशलिस्ट (DM)

जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे

: अनुभव :
नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज, कोलकाता
महात्मा गांधी अस्पताल, इंदौर

- रोग / लक्षण के लिए संपर्क करें -
● हाई कोलेस्ट्रॉल ● मोटापा ● इंसुलिन से संबंधित जानकारी ● बच्चों में छोटा कद ● पीसीओडी ● कमजोर हड्डियाँ ● पुरुषों में स्तन वृद्धि ● सेक्सुअल डिसफंक्शन ● महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

SHREE SHIVAM'S
4 DAY REPUBLIC DAY MEGA OFFER
23RD TO 26TH JANUARY

26 January Republic Day

FLAT 50% OFF
CRIMSOUNE CLUB | maDame | ARROW USA·1851 | BLACKBERRYS | FLYING MACHINE | IZOD | Levi's | LINEN CLUB | MONTE CARLO | MUFTI | PONTIAC | RARE RABBIT | spykar | THE COLLECTION | WHITE HANGER

UP TO 50% OFF
CRIMSOUNE CLUB JUNIOR | GINI & JONY | KILLER JUNIOR | mini KLUB | SHLOK | aurelia | WISHFUL | KAZO | RAREISM | VERO MODA | CK Calvin Klein Jeans | GAS | INDIAN TERRAIN | JACK & JONES | Pepe Jeans LONDON | PUMA | TOMMY HILFIGER | UNITED COLORS OF BENETTON. | U.S. POLO ASSN. SINCE 1890 KIDS | AND KIDS WEAR

UP TO 40% OFF
SWEET DREAMS | ColorPlus | LP LOUIS PHILIPPE | ROOKIES | VAN HEUSEN

REPUBLIC DAY MEGA DEALS
SAREE • KURTI • LAHENGA • EVENING GOWN • INDO-WESTERN • READYMADE SUITS & KIDS WEAR
ON SELECTED ARTICLES

*T&C Apply

रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी रोड
बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड
दुर्ग: संतरा बड़ी, स्टेशन रोड

SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

रायपुर • बिलासपुर • दुर्ग • नागपुर • भोपाल • जबलपुर • छिंदवाड़ा
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555
Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप

### मानस सम्मेलन का समापन आज

**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार के मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बुधवार को अतिथियों ने पूजा अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम कल शनिवार तक चलेगा। सम्मेलन के पहले दिन विभिन्न मंडलियों ने सुमधुर रामायण पाठ किया।

### भागवत कथा दिखाती है मोक्ष की राह

**रामाटोला।** ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का वाचन करते हुए बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने तक्षक नाग के श्राप को सहज भाव से स्वीकार कर सांसारिक मोह, भय एवं अहंकार का त्याग किया। उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षित मोक्ष से यह शिक्षा मिलती है कि संकट की घड़ी में घबराने के बजाय विवेक, वैराग्य और भक्ति का आश्रय लेना चाहिए। सत्संग, श्रवण भक्ति और विनम्रता के मार्ग पर चलने से आत्मकल्याण संभव है। अंत में पूर्णाहुति, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।



### पिनकापार में मंड़ई मेला आज

**जेवरतला रोड।** ग्राम पिनकापार में मंडई मेला का आयोजन कल 23 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु रंगझाझर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच तारन रजक, जागृत देवांगन ने दी।

### दुर्गा, शिव, राम और कृष्ण की मूर्ति स्थापित

**डोंगरगढ़।** बड़े कुसमी में गुरुवार को अश्वनी पैकरा ने मां दुर्गा, शिव जी, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित करवाया। प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि श्री पैकरा द्वारा किया गया यह कार्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, शौर्य, मर्यादा और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला प्रयास है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।



### शिक्षा के लिए बच्चों को किया प्रेरित



**अंजोरा।** प्राथमिक शाला सिलोदा में गत दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद्म श्री फुलबासन यादव थी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, प्रकृति संरक्षण और आत्मनिर्भरता का महत्व बताया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बुधराम रावत, कौशल ठाकुर, गणेश यादव आदि का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अनुसुइया साहू, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू और रिवेन्यू यादव उपस्थित थे।

### गौ विज्ञान पर परीक्षा आयोजित

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 19 जनवरी को गौ सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में थंगेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ को गौ सेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि गौ सेवा ही सच्ची मानवता की सेवा है । घरों में गौ पालन करने से दूध, दही ,घी मिलेगा। घर में पंचगव्य उत्पादों का ही उपयोग किया जा सकेगा। तत्पश्चात गौ विज्ञान पर परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें वैशाली, देवकी, लक्ष्मी, जैस्मिन, फेमिका, दिव्या नेताम, वेणु, खिलेश्वर, यामिनी, दुलेश्वरी आदि छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, अशीम यदु, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, नोहर लिल्हारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।



### पुण्यतिथि पर होंगे विविध आयोजन

**मोहला।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 30 जनवरी को जिले में नशामुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसामान्य से नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत माता वाहिनी एवं समुदाय के सहयोग से वृहद जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशापान से होने वाले दुष्परिणामों पर केन्द्रित व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक प्रतियोगिताएं तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

### खेल से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणाः सिन्हा

**छुरिया।** पिनकापार में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का समापन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने की। विशेष अतिथि अशोक मरकाम थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। खेल हमें सिखाता है कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण प्रयास होता है और हार से सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। श्री डडसेना ने कहा कि प्रतियोगिता हमारे भीतर टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सहनशीलता का विकास करती है। इस अवसर पर दरबार यादव, एबीईओ पीडी साहू, मकुंद चंद्रवंशी, छन्नूलाल वारदे सहित अन्य उपस्थित थे।



### तुमड़ीबोड़ में 2 फरवरी को मंडई

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में आगामी 2 फरवरी को मंडई रखा गया है। उप सरपंच भूपेन्द्र सोनवानी, ग्राम पटेल अमरोतन साहू ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगरसिया जोड़ीदार नाच पार्टी लखनपुरी का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने अंचल के लोगों से शामिल होने की आव्हान किया है।

## कार्रवाई से क्षेत्र में मचा हड़कंप

# अवैध पैथोलॉजी लैब की जांच संचालकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में संचालित पैथोलॉजी लैब, ब्लड कलेक्शन सेंटर, मेडिकल स्टोर्स का खंड चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक पैथोलॉजी लैब एवं ब्लड कलेक्शन सेंटर के संचालक को वैध कागजात नहीं होने के कारण नोटिस थमाकर तत्काल प्रभाव से बंद करने निर्देश दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निर्देश अनुसार विभिन्न ग्रामों में संचालित पैथोलॉजी लैबों का नर्सिंग होम एक्ट के तहत निरीक्षण किया गया। हेमंत क्लिनिक छुरिया, दुर्गा पैथोलॉजी लैब एवं ब्लड कलेक्शन सेंटर शिकारीमहका तथा सिन्हा ब्लड कलेक्शन सेंटर भोलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान दुर्गा पैथोलॉजी लैब शिकारीमहका एवं सिन्हा ब्लड कलेक्शन सेंटर भोलापुर के संचालकों के पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने के कारण संचालकों को नोटिस थमाकर लैब बंद करने का निर्देश दिया गया है। कार्यवाही के दौरान बीएमओ डॉ.ओमेश भगत, कार्यक्रम प्रबंधक रोशन नांदेश्वर, फार्मासिस्ट शैलेन्द्र वर्मा, थाना प्रभारी रमेश पटेल उपस्थित थे।



### डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध लैब को छूट

**डोंगरगांव।** शहर सहित ब्लाक में बिना डिग्री के संचालित पैथालाजी लेब के खिलाफ न जांच की जा रही है और न कार्रवाई हो रही है जबकि विभिन्न लेब की रिपोर्ट को लेकर कई बार गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार शहर में करीब आधा दर्जन लेब संचालित है वहीं ब्लाक में एक दर्जन से अधिक ऐसे पैथोलाजी लेब है जिनके संचालकों के पास अपेक्षित डिग्री नहीं है। बताया जाता है कि लेब संचालकों द्वारा डाक्टरों की कथित हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किया जा रहा है जिसे लेकर पूर्व में सवाल उठ चुके है। जानकारी के अनुसार जिन डाक्टरों के हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किया जा रहा है वह क्षेत्र में रहते तक नहीं है। संचालक उनके डिजिटल हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी रहे है जिसके एवज में इन डाक्टरों को सालाना मोटी रकम का भुगतान किया जाता है।

# धान खरीदी व्यवस्था को देखा कलेक्टर ने



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुडा अतरिया में गुरूवार को कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल अचानक पहुंचे। केन्द्र में उन्होंने किसानों से चर्चा कर सुविधा एवं समस्या की जानकारी ली।

धान के रखरखाव का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से बिना किसी परेशान किए धान खरीदी पूर्ण करने कहा। उन्होंने धान का शीघ्र परिवहन कराने का आश्वासन दिया। जानकारी अनुसार कुकुरमुडा अतरिया केन्द्र में अब तक 861 किसानों से 48702 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। संग्रहण केन्द्र एवं मिलर को 21010 क्विंटल धान परिवहन किया जा चुका है। केन्द्र में लगभग 27 हजार क्विंटल से अधिक का स्टाक है।

वही किसानों से सवा चार करोड़ लिकिंग वसूली किया गया है। खाद्य अधिकारी श्री चेलक ने भी केन्द्र पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया।

### 85 फीसदी खरीदी

धान खरीदी की अवधि पूर्ण होने में अब चार दिन शेष है। क्षेत्र के सभी केन्द्रों में शेष बचे किसानों को केन्द्र बुलाकर टोकन जारी किया जा रहा है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 30 जनवरी से पहले खरीदी पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कुछ किसान जिन्हें 30 जनवरी को धान बेचने का टोकन जारी हुआ था। उनके टोकन में संशोधन कर 29 जनवरी को धान लाने कहा गया है।

# बालिकाओं को दी गई उपयोगी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

बालिका दिवस के अवसर पर स्थानीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 15 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को एनीमिया के कारण, उसकी रोकथाम और उचित पोषण के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें कन्या भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, शी बॉक्स, गुड टच-बैड टच और महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1091 तथा अन्य टोल-फ्री नंबर 1098, 112, 1930 शामिल हैं।

### बाल विवाह रोक का संकल्प

बाल विवाह रोकथाम के लिए बालिकाओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के महिला सशक्तिकरण केंद्र हब से जिला मिशन समन्वयक नेहा वर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से ज्योति तांडी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी अश्विनी साहू, प्राचार्य,स्टाफ एवं 190 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# बैठक में बनी नर्मदा मेला महोत्सव की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ऐतिहासिक नर्मदा मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 30 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेला महोत्सव का विस्तृत रूपरेखा तैयार कर दायित्व सौंपा गया। बैठक में खुशरो ने नर्मदा के प्राचीन मेला एवं इतिहास से अवगत कराया। तथा वर्तमान मेला महोत्सव की जरूरतों पर प्रकाश डाला। अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विभाग को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपा। बैठक में नीलाम्बर वर्मा, एसडीओ श्री कश्यप, तहसीलदार नेहा ध्रुव, मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, मोतीलाल जंघेल, समिति अध्यक्ष बिसाहू राम सिन्हा, सरपंच वंदना पटेल, प्रकाश जंघेल, कामदेव जंघेल, बालकिशन जंघेल, डोमार सिंह, विनोद ताम्रकार, कैलाश वर्मा, बोधन मेरावी, घसियाराम, विनय कोसरिया, डा. दसरिया, भीखु हिरवानी, डोगेन्द्र सोरी, प्रशांत सोनी, राजेश देवदास, गिरेन्द्र सुधाकर, चन्द्रभान वैष्णव आदि शामिल हुए।



#### रंगारंग होगा आयोजन

बैठक में तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान रंगारंग कार्यक्रम की रूपरेखा बनी है। महोत्सव का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। दूसरे दिन सांसद संतोष पांडेय शिरकत करेंगे।

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान सोनहा बादर जितेन्द्र साहू चिटौद, पीसी लाल यादव गंड़ई का दूध मोंगरा तथा संग संगवारी, सुनील बंसोड़ राजनांदगांव के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

#### दर्शनार्थियों की मिलेगी सुविधा

बैठक में प्राचीन मेला में निखार लाने की रूपरेखा बनी है। दर्शनार्थियों को पर्याप्त सुविधा मुहैय्या कराया जाएगा। मंदिर एवं मेला परिसर में पानी, रौशनी, सुरक्षा आदि चाक-चौबंद व्यवस्था की जाएगी। मंचीय कार्यक्रम एवं मेला स्थल के लिए स्थान चिन्हांकित किया गया है। मेला में लगने वाली दुकानों की एक दिन पूर्व आबंटन सूची तैयार किया जायेगा। सभी दुकानों से पंचायत द्वारा निर्धारित दर के आधार पर किराया लेने का प्रस्ताव किया गया। आबकारी विभाग को मंदिर परिसर के आस पास मदिरा एवं नशाखोरी पर पैनी नजर रखने सचेत किया गया। धार्मिक स्थल के आस पास मांस, अंडा, खडखडिया आदि की दुकान लगाना प्रतिबंधित किया गया है।

### कलश यात्रा के साथ होगा यज्ञ का शुभारंभ

**खुज्जी।** शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की तैयारी पूर्णता की ओर है। 23 जनवरी को कलश यात्रा के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। अरणी मंथन के साथ यज्ञ की आहुति प्रारंभ होगी। यज्ञ संरक्षक संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी ने बताया कि 24 जनवरी को प्रधान यज्ञाचार्य पं. बसंत तिवारी एवं सहयोगी पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ अरणी मंथन के साथ यज्ञ की आहुति प्रारंभ की जाएगी। प्रतिदिन होगा भोजन भंडारा होगा। आयोजन के तहत 24 जनवरी से 1 फरवरी तक मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

# साइकिल मिलने से सेजेस की छात्राओं में खुशी की लहर



■ अतिथियों ने योजना को मुक्तकंठ से सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 21 जनवरी को सेजेस खड़गांव में गरिमामय कार्यक्रम में छात्राओं को सायकल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच रमिला ध्रुवे थी। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एलएन त्रिपाठी, सदस्य सईदा बेगम, नीलिमा जैन, तोमन साहू, प्राचार्य खेमलता दास तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। इस अवसर पर सरपंच रमिला ध्रुवे ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना छात्राओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है। इससे न केवल छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी, बल्कि पढ़ाई के प्रति उनका लगाव बढ़ेगा। अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना उन छात्राओं के लिए वरदान है, जो दूरी या संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित हो जाती थी। प्राचार्य खेमलता दास ने बताया कि चयनित पात्र छात्राओं को पारदर्शी तरीके से सायकल वितरित की गई है।

# 15 साल में नहीं खुला घोटाले का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

करेला भंडारपुर के पंजाब नेशनल बैंक में 15 साल पहले हुए घोटाले का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। सीबीआई जांच के बाद भी बैंक में फर्जीवाडे का नतीजा सामने नही आया हैं।

जानकारी के अनुसार मामला एक ही परिवार के खसरा नंबर 109/2, 109/5, 181/1, सत्यभामा पति उदेय लाल खसरा नंबर 53/15, 106/9, हेमकुमार पिता उदेयलाल, भंडारपुर ग्राम बनबोड तहसील खैरागढ से जुडा है। खसरा नंबर 90/4 चेतन पिता उदेय लाल भी समिल्लित है। बैंक में जमा लोन के दस्तावेज, जॉब कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में गड़बड़ी साफ दिखाई देती हैं। बैंक में लोन के लिए की गई प्रक्रिया में उदेयलाल ने अपना नाम उमाशंकर उर्फ उदेय लाल के नाम से राजस्व विभाग में दर्ज करा लिया जबकि बैंक में नाम बदल कर लोन की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर लिया था।

### जमीन नहीं फिर भी बीमा का लाभ

ऋण पुस्तिका में जमीन शून्य होने के बाद भी 2015 में बीमा प्रक्रिया पूरी की गई और जून 2016 में क्लैम भी लिया गया। उक्त जमीन की बिक्री होने के बाद 2018 में पुनः फसल बीमा प्रक्रिया पूरी की गई है। बैंक की लेन देने प्रक्रिया में अलग अलग नाम के खाते का उपयोग कर राशि का आहरण भी किया गया। एक ही बैंक में एक व्यक्ति का दो अलग खाता खोलकर राशि का आहरण कर लिया गया है।



### बिना सहमति के लोन

जिस जमीन के आधार पर लोन लिया गया हैं उसमें हकदार का सहमति पत्र बैंक को नही दिया गया। खसरा नंबर 105/2, 233, 234, 236, दस एकड 43 डिसमिल के नाम से 2 लाख 70 हजार का लोन 2013 में उमाशंकर के नाम से लिया गया। फिर बैंक को बिना जानकारी दिए जमीन को बेच दिया गया। अधिकारियों की सांठगांठ जमीन विक्रय के दौरान बिक्रेता का नाम उमाशंकर उर्फ उदयलाल सामने आया। जबकि बैंक के केसीसी लोन में उमाशंकर उर्फ उदेय लाल, राजस्व रिकार्ड में उदेय लाल उर्फ उमाशंकर सामने आया।

### कई लोग हुए गड़बड़ी के शिकार

पंजाब नेशनल बैंक भंडारपुर में 2013 से 2015 के बीच फर्जी केसीसी लोन के मामले सामने आये थे। मामला दर्ज होने के बाद कुछ की गिरफ्तारी हुई थी और मामला न्यायलय में भी गया। बड़ी गडबडी की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार ने मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई के सुपुर्द किया किन्तु अब तक जांच पूरी नहीं हो सकी है और न कोई नतीजा सामने आया।

# 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आज

**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री मंदिर में 11 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 जनवरी को किया गया है। सुबह 8 बजे से प्रारम्भ होने वाले इस महायज्ञ में 24 हजार मन्त्रों की आहुति दी जाएगी। उक्त एक दिवसीय कार्यक्रम में अंचल के लगभग 2 हजार परिजनों के शामिल होने की संभावना है।

युग परिवर्तन की बेला में परम परूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्य संरक्षण तथा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सुबह 8 बजे युग संगीत से होगा।

पश्चात 8.30 बजे से यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, देव पूजन तथा गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार होंगे। मंत्राहुति का क्रम दोपहर तक चलेगा। इसके बाद सायं 4.30 बजे से प्रज्ञा गीत संगीत, प्रवचन एवं गायत्री दीप महायज्ञ होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महायज्ञ में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत तिलई में आयोजित नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई।

### शिक्षा और मानसिक विकास पर सेमिनार आज

**खैरागढ़।** क्रांति ज्योति सावित्री फुले स्मृति आयोजन अंतर्गत आज इंदिरा कला संगीत विवि सभागार में शिक्षा और मानसिक विकास के विभिन्न आयाम विषय पर सेमिनार व सम्मान समारोह होगा। जीवन के दबाव, शिक्षा, तनाव प्रबंधन और वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने की विधियों पर सार्थक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य को लेकर शैक्षिक प्रगतिशील मंच व देश की बात फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के अतिथि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल और एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू होंगे जबकि जीवन के दबाव, प्रेम, कार्यस्थल तनाव, परीक्षा और मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों पर मनोचिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद गुप्ता का वक्तव्य और डॉ एमएस भदौरिया का आधार वक्तव्य होगा। राज्य कर अधिकारी पूनम सुरेखा गोयल संचालन और विप्लव साहू सह संचालन करेंगे। संयोजक नीलेश कुमार ने अधिकाधिक संख्या मे उपस्थिति की अपील की है।

### परमेश्वरी महोत्सव पर आयोजन आज

**खैरागढ़।** इकाई देवांगन समाज के तत्वावधान में मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह माता परमेश्वरी की



पूजा-अर्चना व महिला मंडली द्वारा जसगीत की प्रस्तुति होगी। 10 बजे से भव्य शोभा यात्रा, कलश यात्रा और जसगीत के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। दोपहर महाप्रसादी भंडारा होगा। शाम को रंग तरंग की सांस्कृतिक प्रस्तुति रखी गई है। कार्यक्रम विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य, राज देवांगन समाज अध्यक्ष कृपाराम देवांगन, की अध्यक्षता और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, पार्षद विनय देवांगन, दीपक देवांगन और त्रिवेणी राजेश देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य मे होगा। आयोजन समिति के सेवक राम देवांगन व रेनू राय कृत ने पावन अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओं से अपना सभी कार्य व व्यवसाय बंद रखकर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

---

### कांग्रेस और मुस्लिम जमात ने सौंपा ज्ञापन

# एसआईआर में नाम काटने, फर्जी शिकायत पर कारवाई की मांग

## समाज के लोग नाम कटने की आशंका में भयाक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मे नाम काटने की फर्जी शिकायत करने वालों के खिलाफ मुस्लिम जमात के साथ कांग्रेसियों ने कारवाई की मांग की।

रजिसर्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू व थाना प्रभारी अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंप जमात सदर अरशद हुसैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शहर अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज सहित अन्य ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खैरागढ़ और छुईखदान शहर के कुछ वार्डों में सालों से रचे बसे मुस्लिम जमात के लोगों का नाम कटवाने प्रपत्र सात में आवेदन किया है जिससे समाज में असमंजस की स्थिति बन गई है और लोग नाम कटने की आशंका से भयाक्रांत है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने इसे घटना को लोकतंत्र की व्यवस्था पर कथित हमला बताते हुए जिला प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कारवाई की मांग की है वही जमात सदर अरशद हुसैन ने बताया कि ब्लाक के बाजार अतरिया निवासी अनिल विश्वकर्मा और बकरकट्टा निवासी तिहारू राम द्वारा अवैध तरीके से प्रपत्र सात भरकर नाम विलोपन के लिए आवेदन किया गया है इसमें पिपरिया वार्ड के 15, तुरकारी पारा वार्ड के 28 और अंबेडकर वार्ड के 22 मतदाताओं का नाम शामिल है और सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि सभी मुस्लिम जमात से ताल्लुक रखते है।




### अवगत कराया गया

नियमानुसार विधानसभा क्षेत्र को कोई भी निर्वाचक किसी अन्य का नाम शामिल होने के संबंध में दावा आपत्ति कर सकता है। दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण के संबंध मे संबंधित पक्ष को अवगत करा दिया गया है।- **सुरेंद्र सिंह ठाकुर,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### पीढ़ियों से बसे हैं लोग

सदर अरशद हुसैन ने बताया कि सभी मतदाता पीढ़ियों से यहा निवासरत है। इसके बावजूद नाम विलोपन संबंधी आवेदन पेश करना कही ना कही से शहर में सांप्रदायिक सद्भाव को दुष्प्रभावित करने का षड़यंत्र है। उन्होंने कहा कि समय रहते इस पर समाज ने संयम से काम लेते हुए फर्जी शिकायत करने वाले के खिलाफ कारवाई की मांग साथ मतदाताओं का सत्यापनकर उनका नाम यथावत रखा जाए। इस दौरान अब्दुल रज्जाक खान, अल्ताफ अली, संदीप सिरमौर, सज्जाक खान, राजा सोलंकी, कोमल वर्मा, सुबोधकांत पांडेय सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग व कांग्रेसी मौजूद थे। संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा बताया गया कि एसआईआर में नाम काटने फर्जी शिकायत को लेकर एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को आवेदन दिया गया है। नियमानुसार कोई भी निर्वाचक किसी अन्य का नाम मतदाता सूची मे शामिल होने के संबंध में दावा आपत्ति कर सकता है इस स्थिति में आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया गया है कि बिना पर्याप्त आधार व सम्यक दस्तावेजी प्रमाण के बिना किसी भी मतदाता का नाम सूची से विलोपित नही किया जाए।

---

# धान उपार्जन और संग्रहण केंद्रों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने धान उपार्जन केंद्र सलोनी व संग्रहण केंद्र मदराकुही का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी इस दौरान मौजूद थे। संभागायुक्त ने धान खरीदी केंद्र सलोनी में पंजीकृत किसानों की संख्या, अब तक की खरीदी, टोकन व्यवस्था और धान उठाव स्थिति की जानकारी ली साथ ही शेष किसानों की खरीदी की प्रगति की भी समीक्षा की। उठाव में तेजी लाने के लिए डीएमओ को आवश्यक निर्देश भी दिया। धान संग्रहण केंद्र मदराकुही मे उन्होंने केंद्र की भण्डारण क्षमता, संग्रहित धान की मात्रा और जारी किए गए परिवहन आदेश की जानकारी ली। टीओ के माध्यम से प्राप्त धान का शीघ्र भंडारण सुनिश्चित करने कहा ताकि खरीदी व संग्रहण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### पहुंचे संभाग आयुक्त अनुविभागीय कार्यालय

सलोनी मदराकुही बाद संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने अनुविभागीय कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होने एसआईआर अंतर्गत सी कैटेगरी वोटर से संबंधित सुनवाई, लॉजिकल एरर व उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का नियमानुसार, पारदर्शी तरीके से समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण दौरान आयुक्त ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्यों में गुणवत्ता व गति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार आशीष देवहारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# धान खरीदी में अव्यवस्था पर विधायक ने जतायी आपत्ति, एसडीएम को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्शिता स्वामी बघेल ने धान खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने धान खरीदी में देरी, टोकन नहीं कटने, लिमिट बढ़ाने, रकबा समर्पण सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक बघेल ने पत्र में कहा है कि किसानों से लगातार शिकायतें मिल रही है कि उनकी धान नहीं बिक रहा है। टोकन कटना बंद हो गया है। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गई है किन्तु किसानों से पूरा धान नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से टोकन कटना चाहिए था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में अनावश्यक बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो 24 जनवरी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।





### अब नहीं मिला धान का टोकन

डेढ माह से समिति ,पटवारी, तहसील ऑफिस के चक्कर काटने के बाद भी अब तक एग्री टेक पोर्टल पर अप्रूवल नहीं होने का हवाला देकर टोकन नहीं कटने की शिकायत लेकर किसान लताबाई पति संजय निवासी पनियाजोब, काशीराम कोराम पिता खोरबहरा राम निवासी कन्हारगांव, केजूराम सेन पिता शिव प्रसाद निवासी ढारा के साथ पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा तहसील ऑफिस पहुंचे। इस दौरान पूरा ऑफिस खाली मिला।उन्होंने ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी 15 फरवरी तक करने, सभी किसानों का टोकन तत्काल जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर किसानों के साथ आगामी 24 जनवरी को धरना देने मजबूर होंगे। इस दौरान नेतराम साहू, दिनतु प्रकाश जांगड़े, रुपेश वर्मा, अमरदास, मनीराम धुर्वे, लताबाई कामड़े आदि उपस्थित थे।

---

# निर्वाचक नामावली के एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों की चौथी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 26 के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 73 खैरागढ़ में अनुभाग स्तर पर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की चौथी साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार, कांग्रेस से विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह गहरवार, बसपा जिलाध्यक्ष डॉ संतोष मारिया और आप जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता उपस्थित थे। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत अर्हता तिथि एक जनवरी के अनुसार प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 25 को किया गया है जिसे लेकर 22 जनवरी 26 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की जा रही है। प्रारंभिक प्रकाशन बाद तीसरे सप्ताह 5 जनवरी से 18 जनवरी 26 तक कुल 1270 दावा-आपत्ति आवेदन मिला हैं।

### नाम सुधार का 187 तो संशोधन का 161

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में नाम जोड़ने से संबंधित प्रारूप-6 अंतर्गत 1015 आवेदन मिला है जिन्हें प्रारूप-9 में संकलित किया गया है। नाम हटाने से संबंधित प्रारूप-7 अंतर्गत 68 आवेदन मिला है जिन्हें प्रारूप-10 में संकलित किया गया है। वहीं नाम सुधार से संबंधित प्रारूप 8 अंतर्गत कुल 187 आवेदन मिला जिनमें संशोधन के 161, विधानसभा अंतर्गत स्थानांतरण के 23 और अन्य विधानसभा से स्थानांतरण के 3 आवेदन हैं। इन आवेदनों को क्रमशः प्रारूप-11, 11-अ एवं 11-ब में संकलित किया गया। सभी संकलित प्रारूप उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को देकर पावती ली गई। साथ ही बैठक की फोटोग्राफ्स व लघु वीडियोक्लिप तैयार कर गूगल लिंक के माध्यम से निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया गया। बैठक में एसआईआर दावा-आपत्ति की संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तार से अवगत कराया गया।

### रेवाडीह, पेंड्री व मेडिकल कॉलेज में आज नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कड़ी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत निर्मित यातायात (ट्रांसपोर्ट) नगर टंकी (क्षमता 13.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण यातायात नगर स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पाएगा। इस वजह से उक्त टंकी से कल 23 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 24 जनवरी से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियों की सफाई कराई जा रही है। इसी कड़ी में कल 23 जनवरी को यातायात नगर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नहीं भर पाएगी। जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी।

---

# 26 जनवरी को आयोजित होगा उल्लास मेला

**खैरागढ़।** जिले को पूर्ण साक्षर घोषित करने के उद्देश्य से आगामी 26 जनवरी जिले के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। संबंध में कलेक्टर व जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने उल्लास मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि उल्लास मेला जिले को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रत्येक ग्राम प्रभारी को मेला आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां समय पर पूरा करने कहा।

24 जनवरी तक सभी ग्राम प्रभारी अपने ग्राम के नवसाक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों सहित ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधियों पंच, पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों को भी आमंत्रित करेंगे। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से मेला को सफल बनाने के निर्देश दिए। साक्षरता मिशन प्राधिकरण उपाध्यक्ष व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत, नगर पालिका, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, पंच, सरपंच एवं पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि उल्लास मेला को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि मेला के दौरान ग्राम के प्रत्येक असाक्षर व्यक्ति प्राथमिक शाला में लगाए गए स्टॉल में खेल-खेल में पढ़ना-लिखना, जोड़-घटाना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता व दैनिक जीवन में उपयोगी कौशल सीखेंगे। उल्लास मेला के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रभारी के सहयोग से नारा लेखन, मशाल रैली, प्रभात फेरी आयोजित की जाएगी और कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को मेला में सहभागिता हेतु प्रेरित किया जाएगा। प्राधिकरण सचिव व डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि मेले के सफल आयोजन को लेकर जिला, विकासखंड व ग्राम स्तर पर प्रभारी अधिकारियों की बैठक सह उन्मुखीकरण पूर्व में ही आयोजित की जा चुकी है।

---

# धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी संस्कारों से जुड़ती है

**खैरागढ़।** ब्लॉक ग्राम मालूद, सण्डी, केराबोरी में परंपरागत कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मानसगान स्पर्धा मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। दीप प्रज्वलन और मानसगान मंडलियों के स्वागत बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मानसगान प्रतियोगिता के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य, प्रेम और त्याग की भावना जन-जन तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी परंपरा, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य होता है। ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। श्री सिंह ने आयोजन समिति व ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के कार्यक्रम कला और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हर संभव सहयोग देने की बात कही। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह का आयोजन समिति सहित ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान डॉ. चंदू वर्मा, सरपंच उर्मिला राजकुमार वर्मा, चेतन वर्मा, मनीराम साहू, बसंत साहू, ललित साहू, जगत साहू, विजय क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व मानसगान प्रेमी उपस्थित थे।



---

### बैठक में कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

# धान खरीदी, स्वास्थ्य, शिक्षा की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जिले में धान खरीदी की स्थिति की समीक्षा करते हुए धान उठाव की स्थिति और संग्रहण केंद्रों की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान उठाव फरवरी के अंत तक पूरा करने कहा। इसी प्रकार नॉन और एफसीआई में चावल जमा की स्थिति, चावल उत्सव, ई-केवाईसी सहित प्रतिमाह चावल वितरण की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, टीकाकरण, आभा आईडी व वय वंदन कार्ड के क्रियान्वयन की जानकारी और लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शिक्षा विभाग से जिले में पीएम श्री स्कूलों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी, अपार आईडी निर्माण की स्थिति की समीक्षा कर इसमें तेजी लाने कहा।



### अटल मानिटरिंग की समीक्षा

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर विभागवार रैंकिंग की समीक्षा करते हुए कम रैंक प्राप्त करने वाले विभागों को सुधारात्मक कदम उठाकर प्रगति लाने का निर्देश दिया वही गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के संबंध में चर्चा कर सभी विभागों को शीघ्र ही पात्र कर्मचारियों की सूची और विभागीय झांकी की जानकारी प्रस्तुत करने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे और पूजा पिंचा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

# वर्कशाप में सरकारी दामाद की टीम ने दी तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि के नाट्य विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा और डॉ राजन यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी सिनेमा की दुनिया पर विस्तार से चर्चा हुई। वर्कशॉप में छग के चर्चित फिल्म डायरेक्टर नीरज ग्वाल, अभिनेत्री सुरभि श्रीवास्तव और अभिनेता यशवंत आनंद गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

फिल्म डायरेक्टर नीरज ग्वाल ने फिल्म निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और फिल्म प्रमोशन व मार्केटिंग पर अपना अनुभव साझा किया। हाल में रिलीज होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म सरकारी दामाद को लेकर भी उन्होंने बात रखी। अभिनेत्री सुरभि श्रीवास्तव ने कैमरा एक्टिंग की तकनीकों पर प्रकाश डाला जबकि यशवंत आनंद गुप्ता ने छालीवुड के साथ साथ बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने का सूत्र बताने के अलावा अपनी फिल्मों के किरदारों पर रोचक बात की। वर्कशॉप दौरान स्टुडेंट्स ने डायरेक्टर नीरज ग्वाल, सुरभि श्रीवास्तव और यशवंत आनंद गुप्ता से विषय को लेकर सवाल किया जिनका विस्तृत जवाब मिला। इस दौरान अतिथि अध्यापक शिशु कुमार सिंह और प्रमोद पांडे भी मौजूद थे।



## सार समाचार

### घोरदा में सात दिवसीय शिविर का आगाज

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम घोरदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। 19 से 25 जनवरी तक आयोजित शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवक ग्रामीण विकास और सामाजिक जागरूकता के विभिन्न प्रकल्पों पर कार्य करेंगे। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. एसके पटेल, सूर्यकांत साहू, उमेश साहू एवं प्रबुद्ध ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुआ। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है, जहां वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को सीखते हैं। डॉ. एसके पटेल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के मार्गदर्शन में शिविर में कुल 100 स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे हैं। जिनमें 40 छात्र और 60 छात्राएं शामिल हैं। शिविर के संचालन के लिए छात्र नेतृत्व की घोषणा की गई। शिविर नायक-नायिका शिवम यादव एवं टिकेश्वरी देवांगन, उप शिविर नायक-नायिका रुस्तम नुरेटी एवं दिव्या यादव है। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्राम घोरदा में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जागरूकता रैली, स्वास्थ्य सर्वेक्षण और बौद्धिक चर्चाओं के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद करेंगे।



### स्वामी विवेकानंद जयंती पर महापौर ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वामी विवेकानंद चौक (कमला कॉलेज चौक) में नगर निगम द्वारा स्थापित स्वामी की प्रतिमा स्थल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख समेत डीसी जैन, टोपेन्द्र सिंह व निगम के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। महापौर श्री यादव ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते कहा कि वे एक भारतीय, संयासी और दार्शनिक थे, जो वेदांत और योग के अपने उपदेशों के लिए प्रसिद्ध है, जिन्होंने पश्चिमी दुनिया में भारतीय दर्शन को पेश किया और 1893 के शिकागो धर्म संसद में अपने ऐतिहासिक भाषण से विश्व स्तर पर पहचान बनाई। वे रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे और उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो समाजसेवा और मानवता के लिए समर्पित है। जिससे वह भारतीय युवाओं के लिए एक महान प्रेरणा स्रोत बन गए।



### संस्कार सिटी कॉलेज में फ्रेशर पार्टी आयोजित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के पुष्प-गुच्छ एवं तालियों के साथ आत्मीय स्वागत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिससे पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। इस वर्ष खुशी वैष्णव को मिस फ्रेशर तथा निखिल कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। दोनों को चयन की घोषणा के बाद शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।



### श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल अपने स्थापना के सोलहवे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्कूल में बच्चों की शानदार प्रस्तुति के साथ सोलहवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। उक्त जानकारी देते स्कूल की संचालिका मोना गोसाई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति पारस वर्मा व नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले थे। कार्यक्रम में निर्णायक व विशेष अतिथि प्रज्ञा गुप्ता, बुद्धिमित्रा वासनिक उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर प्रज्ञा गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ी राज्यगीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सफल आयोजन के लिए स्कूल संचालक मोना गोसाई ने स्कूल प्राचार्य, शिक्षिकाओं के साथ ही अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



### तुमड़ीबोड़ में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा के दिशा निर्देशानुसार जिला भाजपा राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन कल शुक्रवार को सुबह 11 बजे तुमडीबोड मंडल में आयोजित किया गया है। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डीकेश साहू ने बताया कि वीबी जी-राम-जी विषय पर जनजागरण हेतु आयोजित कार्यशाला एवं सम्मेलन में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में मुख्य वक्ता सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मारकंडे, प्रदेश भाजपा संभाग प्रभारी दुर्ग उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी जितेंद्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति रहेगी। जी-राम-जी विषय के जिला संयोजक दिनेश गांधी ने बताया कि बैठक एवं कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारीगण, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्षगण, नव-नियुक्त जिला पदाधिकारीगण एवं मंडल प्रभारी/सह-प्रभारी, समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, वीबी जी-राम-जी योजना के जिला एवं मंडल टोली, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्षगण एवं सदस्यगण, किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारीगण, सेवा सहकारी समिति के समस्त अध्यक्ष, समस्त मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, सरपंच, उपसरपंच आदि की उपस्थिति अपेक्षित है। योजना के सह-संयोजक रविन्द्र वैष्णव, अशोक देवांगन, सुरेश वर्मा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित होकर बैठक एवं कार्यशाला को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### हरदीटेका मंड़ई आज

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव हरदीटेका में मंडई-मेले का आयोजन कल 23 जनवरी को रखा गया है। वहीं रात्रि में नाचा पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा। परमानंद वर्मा ने बताया है कि इस मड़ई को आसपास क्षेत्रों की बड़ी मंडई मना जाता है।

---

### मारपीट के मामले में फरार आरोपी दबोचा गया, मचा हड़कंप

# कॉम्बिंग गश्त में पचास से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पचास से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच की गई। जिससे हड़कंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में पुलिस बल को आवश्यक ब्रीफिंग कर पुलिस की 4 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

उक्त कॉम्बिंग गश्त में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, डीएसपी मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक अजाक केपी मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंड किरो सहित सभी संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे। पुलिस के अनुसार इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी। जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे एवं अपराधियों में भय का माहौल कायम हो।



#### अपराधियों की बन रही कुंडली

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आदतन अपराध से जुड़े लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है। बताया गया कि एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर सभी थानेदार अपने क्षेत्र के ऐसे लोगों की जानकारी तैयार कर एसपी कार्यालय को उपलब्ध करा रहे है, तो लंबे समय से अपराध की दुनिया में शामिल है। बताया गया कि जिले में नामचीन अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है। जिससे जिले में जारी अपराध के ग्राफ पर अंकुश लगाया जा सकें। इसके अलावा चाकूबाजी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए ऑनलाइन मंगाए जाने वाले चाकूओं पर भी निगरानी रखी जा रही है।

#### देर रात ना घूमने की हिदायत

साथ ही पूर्व में अपराध में संलिप्त नाबालिग बालकों के घर जाकर उनके माता-पिता को बच्चों को रात्रि में बाहर न घूमने देने की समझाइश दी गई। देर रात्रि तक सार्वजनिक एवं सूनसान स्थानों पर अलाव जलाकर नशे की हालत में बैठे व्यक्तियों को चेक कर उन्हें अपने-अपने घर जाने एवं देर रात बाहर न घूमने की हिदायत दी गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान चौकी चिखली के धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) बीएनएस के फरार आरोपी धर्मेंद्र तलकई 23 वर्ष निवासी स्टेशनपारा को धरदबोचा गया।

#### संदिग्धों की हुई जांच

पुलिस की इन टीमों द्वारा थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग एवं पुलिस चौकी चिखली क्षेत्रों के संवेदनशील मोहल्लों एवं कॉलोनियों में सघन कॉम्बिंग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 70 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीम ने शहर के गली-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों एवं सूनसान क्षेत्रों में व्यापक रूप से भ्रमण कर 50 से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच-पड़ताल की। अभियान के दौरान सक्रिय गुंडा बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई।

---

### नेशनल मैराथन में भाग लेने टीम रवाना



**राजनांदगांव।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ दिल्ली द्वारा 60वीं राष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 23 जनवरी से झारखंड के रांची में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के 36 बच्चे भाग लेने आज कुर्ला हटिया एक्सप्रेस से रवाना हुए। इस छत्तीसगढ़ की टीम में राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 8 बच्चे भी भाग ले रहे हैं। जिसमें 4 बालक और 4 बालिकाएं शामिल है। यह दल आज रांची रवाना होने से पहले राजनांदगांव जिले की एसपी अंकिता शर्मा से आशीर्वाद लिया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने दल रवाना हुआ। दल का नेतृत्व छत्तीसगढ़ पुलिस के कामता प्रसाद यादव करेंगे, जो राजनांदगांव में पदस्थ है, एनआईएस कोच भी हैं।

दल को रवाना करने के पहले पुलिस कप्तान अंकित शर्मा से दल के साथ भेंट करने पहुंचे जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, जिला ओलंपिक संघ के सचिव अरूण शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिले के सचिव रणविजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ब्यौहारे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, सह-सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा ने सभी बच्चों को सफलता के लिए आशीर्वाद दिया।

---

## धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा, ग्रामीण, किसान, मजदूरों से जुड़े पांच अलग-अलग मामलों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। बड़ी संख्या में आज कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और विभिन्न मुद्दों को लेकर अपना विरोध जताया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों ने राज्यपाल नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार को जनहित में आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की। विपिन यादव ने कहा कि मनरेगा जैसी कानूनी रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करना ग्रामीण भारत के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों की शक्तियों को सीमित कर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर अनेक किसानों को टोकन प्राप्त नहीं होने के कारण वे धान विक्रय करने से वंचित हो रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त किसानों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन के नाम पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा छापेमारी किया जाना उचित नहीं है।

#### बिजली दरों से जनता त्रस्त

कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि महंगी बिजली दरों से आम जनता बुरी तरह परेशान है। बढ़ते बिजली बिलों ने गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना को तत्काल लागू कर जनता को वास्तविक राहत दी जाए।

### ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास, ताला टूटा

**राजनांदगांव।** छग राज्य ग्रामीण बैंक का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छग राज्य ग्रामीण बैंक भोलापुर शाखा में बीती रात बैंक का चैनल गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। अज्ञात चोरों ने शाखा प्रबंधक के केबिन का भी ताला तोड़ा। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी पी. यशवंत कुमार ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा

**राजनांदगांव।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों द्वारा उत्साहपूर्वक धार्मिक आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा 11 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।



श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा अवसर के वर्षगांठ को धार्मिक वातावरण में उत्साहपूर्वक मनाने के लिए श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई। यहां मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई।

#### मंदिर परिसर को दीयो से सजाया

महिला मंडल द्वारा श्री बालाजी हनुमान मंदिर को दीयों से सजाते हुए रोशनी की गई। इस आयोजन को लेकर महिला मंडल की मौसमी शर्मा एवं मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें 11 बार हनुमान चालीसा पाठ और श्रीराम स्तुति की जा रही है।

### ऊर्जा पार्क में जिला स्तरीय व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को जिला स्तरीय एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का भव्य आयोजन ऊर्जा पार्क राजनांदगांव में किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से लगभग 300 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की।

#### महापौर ने किया शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अध्यक्षता छात्र युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष नागेश यदु ने की। शिविर की शुरूआत सुबह 08 बजे हुई। जिसमें छात्र पंजीयन के पश्चात परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया गया।

#### प्रतिभाशाली स्वयंसेवक हुए सम्मानित

राष्ट्रीय और राजकीय स्तर के शिविरों में उत्कृष्ट सहभागिता और सामाजिक कार्यों में श्रेष्ठ योगदान के लिए महापौर द्वारा विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों का विशेष दबदबा रहा। जिसमें मनीष टांडेकर, भागवत वर्मा, शिवम यादव, टिकेश्वरी देवांगन, छाया साहू, रुस्तम नुरेटी, दिनेश कुमार और रेशमा साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में दिग्विजय महाविद्यालय के 150 से अधिक छात्र उपस्थित रहे।

## परमेश्वरी महोत्सवः भक्ति के साथ खेल और मनोरंजन का रोमांच

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी पर देवांगन समाज अपनी कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती को महोत्सव के रूप में मनाने जा रहा है। शहर की सभी इकाई संगठनों द्वारा विविध आयोजन कराए जाएंगे।

मुख्य कार्यक्रम नगर देवांगन समाज द्वारा गुरु घासीदास भवन जीई रोड में कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त शंकरपुर, बसंतपुर, तुलसीपुर-ममतानर, मोतीपुर व बजरंगपुर नवागांव में भी समारोह होगा। दोपहर 2 बजे उदघाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि व अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि व अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार करेंगे।

#### बंधेंगे परिणय सूत्र में

सामाजिक खर्च पर इस वर्ष दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। नवीन नगर नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी विजय कुमार का विवाह दपका की लक्ष्मी देवांगन के साथ होगा। शंकरपुर निवासी भुवनलाल की शादी इंदिरा माता नगर नागपुर की सुलोचना के साथ पारंपरिक रूप से कराई जाएगी।

## एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में बसंत पंचमी पर विशेष छूट

- एजुकेशन प्लस -

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी ग्रुप ऑफ स्कूल्स में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शाला में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जा रही है। यह छूट एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी ब्रांचों (नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव) में समान रूप से दी जा रही है।

प्ले ग्रुप/ नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक प्रवेश लेने पर प्रवेश शुल्क पूर्णतः माफ किया जाएगा, यह छूट सभी ब्रांचों में 2 फरवरी तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी के लिए मान्य होगी। साथ ही कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए शाला प्रवेश शुल्क में 2000 की छूट दी जाएगी। एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के किसी भी ब्रांच में 2 फरवरी तक नर्सरी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्री नर्सरी की पढ़ाई शाला द्वारा फ्री में कराई जाएगी। इसके लिए किसी भी तरह की शुल्क नहीं लिया जाएगा बसंत पंचमी के अवसर पर शाला में नवप्रवेशित छात्रों का विद्यारंभ संस्कार पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी और नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग में यह संस्कार सुबह 9 बजे तथा नीरज पैरेंट्स प्राइड जयस्तंभ चौक व नीरज फाउंडेशन स्कूल खंडेलवाल कालोनी में सुबह 10.30 बजे संपन्न कराई जाएगी। नए सत्र 2026-27 से एनबीआईएस बोरी स्कूल में प्ले स्कूल की शुरूआत होने जा रही है। नीरज माइलस्टोन स्कूल खैरागढ़ में प्रवेश लेने वाले छात्रों को अलग तरह की दी जा रही विशेष छूट 9 फरवरी तक मान्य है। माइलस्टोन में प्रवेश लेने वाले नर्सरी एवं प्री नर्सरी के छात्रों को ट्रांसपोर्ट अर्थात बस सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही है।



एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के एनबीआईएस बोरी ब्रांच में फिजिक्स वाला पीडब्ल्यू की ऑफलाइन रेगुलर कक्षाएं भिलाई ब्रांच के शिक्षकों द्वारा एनबीआईएस बोरी स्कूल में ली जा रही है। ये कक्षाएं फाउंडेशन, नीट एवं जेईई /आईआईटी हेतु नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इन कक्षाओं का संचालन नवीन सत्र से राजनांदगांव शहर में स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में भी नीट हेतु ड्रॉप लिए बच्चों के लिए ली जाएगी, जहां फिजिक्स वालाके अनुभवी शिक्षक अपनी सेवाएं समान रूप से देंगे। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा आधुनिक नवीन शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए ऐसी सुविधाओं को शाला में जोड़ा जा रहा है, ताकि छात्र न केवल किताबी ज्ञान अपितु जीवन में आने वाले चुनौतियां के लिए तैयार हो। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है, ताकि छात्र अपने नैतिक मूल्यों को जान सके। बसंत पंचमी एक ऐसा अवसर है, जब ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ है। मां की विशेष कृपा प्राप्त करने का दिन होता है।

---

### उमड़ती भीड़, बढ़ता उत्साह

## फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मुनिस्पल स्कूल ग्राउंड में 13 से 25 जनवरी तक खेली जा रही है। 20 जनवरी को खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। शाम का पहला मैच वार्ड क्र. 28 एवं 43 के मध्य खेला गया। जिसमें वार्ड 43 ने अंत तक दबाव बनाए रखते 6 रन से मुकाबला अपने नाम किया।



मैच आखिरी ओवर तक रोमांच से भरा रहा। दूसरे मुकाबले में वार्ड क्र. 22 बनाम वार्ड क्र. 51 आमने-सामने रहे। वार्ड 51 ने संतुलित खेल का प्रदर्शन करते 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में वार्ड क्र.19 एवं वार्ड क्र. 21 के बीच जबर्दस्त टक्कर देखने को मिली। वार्ड 21 ने 2 विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। चौथे मुकाबले में वार्ड क्र. 10 बनाम वार्ड क्र. 17 के मध्य खेला गया। जिसमें वार्ड क्र. 17 ने 7 विकेट से आसान जीत दर्ज की।

#### बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

आयोजन समिति से जुड़े अरविंद बैद, मुकेश शर्मा, हकीम खान एवं रमेश सोनवानी ने जानकारी दी कि 20 जनवरी को आयोजित मैचों के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, उमाकांत भारद्वाज, विष्णु साव, राजेश खांडेकर, धर्मेंद्र जैन सहित सुरेश गांधी, हरीश सांखला, सुमित चौरसिया, प्रकाश सांखला, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर की उपस्थिति रही। अतिथियों ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### प्रतिभाओं को दे रहा मंच


आयोजक हरीश शर्मा व अतुल रायजादा ने बताया कि सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि वार्ड स्तर पर आपसी भाईचारे, अनुशासन और खेल भावना को भी मजबूती दे रहा है। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।



## खबर संक्षेप

### वसंत पंचमी पर स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती का पञ्चत्रिंशत् पट्टाभिषेक महोत्सव समारोह आज

**हरिभूमि कवर्धा।** आदित्यवाहिनी द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को भगवत्पाद शिवावतार ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ-



पुरीपीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती महाभाग का पञ्चत्रिंशत् पट्टाभिषेक महोत्सव एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती महाभाग का आज से 35 वर्ष पूर्व पुरी पीठ के श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य के पद पर पट्टाभिषेक हुआ था। इस अवसर पर पूज्यपाद द्वारा संस्थापित संस्था पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी के द्वारा भगवती सरस्वती देवी तथा पुरीपीठाधीश्वर महाभाग के तैल चित्र पर पूजन कर उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा तथा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात आदित्य वाहिनी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष आशीष दुबे, आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ सहित जिला अध्यक्ष कुलेश्वर सिंह राजपूत, मध्य क्षेत्र प्रमुख मोनू ठाकुर, नगर अध्यक्ष अमित शर्मा सहित आनंद वाहिनी की जिला अध्यक्ष का अभिनन्दन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विगत वर्ष जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग के कार्यक्रम में सहयोग देने वाले समाज सेवी संस्थाओं एवं सहयोगियों का सम्मान भी किया जाएगा। आदित्य वाहिनी द्वारा समस्त शिष्यवृन्द एवं धर्मप्रेमियों से उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला सह सचिव आदित्यवाहिनी कवर्धा अंकुश विश्वकर्मा ने दी।

### सुमित पाल को मिली कुण्डा कांग्रेस मंडल की कमान

**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस प्रभारी एवं पदाधिकारी का विस्तार किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी



अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु तथा जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनुशंसा पर कुण्डा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष के पद पर युवा एवं ऊर्जावान सुमित पाल को बनाया गया, यह दायित्व उनके लंबे अरसे से कांग्रेस पार्टी को दिए गए समय एवं सही एवं समर्पित कार्य को देखकर दिया गया, इस पद पर सुमित पाल के चयन होने पर नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों तथा कांग्रेस के सदस्य एवं पदाधिकारी में भारी हर्ष का माहौल है। उनका मानना है कि सुमित पाल इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे एवं उनके सूझबूझ से पार्टी को क्षेत्र में एक नई ऊंचाई मिलेगी। सुमित पाल पार्टी के कर्तव्यनिष्ट सदस्य होने के साथ ही साथ कुण्डा नगर एवं आसपास के ग्रामों में व्यवहार कुशलता कार्य कुशलता एवं पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी से बखूबी निभाते आए हैं इन्हीं के फल स्वरुप उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं हाई कमान के द्वारा अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है, कुण्डा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही पार्टी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष रूप से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, निश्चित ही सुमित पाल अपने सूझबुझ एवं कार्य कुशलता व्यवहार कुशलता से इस पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे।

### कुण्डा में सात दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन 7 फरवरी से, क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल

**हरिभूमि कुण्डा।** सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वधान में ग्राम कुण्डा में 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन आयोजित होने जा रहा है। श्रीराम कथा वह दिव्य सरिता है, जिसमें स्नान कर आत्मा निर्मल तृप्त एवं जीवन मंगलमय हो जाता है। जिसमें आमंत्रित कथा व्यास पूज्य ब्रम्हदेवचार्य जगत गुरु उपाधि अलंकृत काशी बनारस द्वारा 7 से 13 फरवरी तक, पं प्रकाश चंद्र पाण्डेय जौनपुर उत्तर प्रदेश 8 से 13 फरवरी तक व साध्वी डॉ नीलम गायत्री मानस मणी राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुंड चित्रकूट सतना मध्यप्रदेश पं राजेंद्र प्रसाद शर्मा मानस भूषण छत्तीसगढ़ भाषा कथाकार भैंसों जांजगीर चांपा 7 से 11 फरवरी तक भक्तगणों को अपने मधुर विंदार मुख से श्रीराम कथा का श्रवणपान कराएंगे। कथा का आयोजन यज्ञ स्थल थाना के सामने आयोजित होगी जिसमें कुण्डा सहित आसपास के क्षेत्रवासी भक्तजनों को दोपहर 01 से शाम 07 बजे तक कथा रसपान कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा पूर्व सरपंच, कुलदीप कौर छाबड़ा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा व हरदीप सिंह सलूजा पूर्व पंच कुण्डा सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा।

## निधन

### श्रीमती अमीषा बघेल



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कापा-रूसे निवासी श्रीमती अमीषा बघेल का आकस्मिक निधन गत दिनों 16 जनवरी को हो गया, स्व. अमीषा बघेल वार्ड क्रमांक 20 से पंच थी। उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थित मुक्तिधाम में किया गया, इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने किया दशरंगपुर धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

# जिले के सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाएगा: कलेक्टर गोपाल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरूवार को धान खरीदी केन्द्र दशरंगपुर का निरीक्षण करते हुए कहा कि जिले के सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाएगा और किसी भी किसान का धान खरीदी से नहीं छूटेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीयन, तकनीकी त्रुटि अथवा अन्य कारणों से धान बेचने में समस्या आने वाले किसानों की जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया कि दशरंगपुर केन्द्र में तकनीकी कारणों से 2 किसानों के धान खरीदने में दिक्कत आ रही है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्र में ऐसे किसानों की पहचान की जाए, जिनका किसी भी कारण से धान बेचने में समस्या आ रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति-वार एवं केन्द्र-वार सूची तैयार कर उसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया जाए कि किसानों को किन कारणों से धान बेचने में दिक्कत आ रही है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसी भी धान खरीदी केन्द्र में यदि कोई किसान धान विक्रय से छूट गया है, तो उसकी संपूर्ण जानकारी समिति स्तर पर संधारित की जाए। सूची में यह भी दर्ज किया जाए कि किसान कैरी फॉरवर्ड, रकबा संशोधन, नया पंजीयन अथवा एग्रीस्टेक से संबंधित किस समस्या के कारण धान बेचने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी वास्तविक कारणों की पुष्टि के बाद इन किसानों की सूची उच्च स्तर पर भेजी जाएगी, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर समाधान निकाला जा सके। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारी एवं तहसीलदार उन किसानों की सूची तैयार करें जिनका किसी कारण धान बेचने के लिए समस्या आ रही है।



### कलेक्टर ने धान की स्टैकिंग व्यवस्था व धान की गुणवत्ता की जांच की

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान की स्टैकिंग व्यवस्था देखी और धान की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने धान उठाव की जानकारी ली और लगातार धान उठाव करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसानों के रकबा समर्पण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रकबा समर्पण कराया जाए, ताकि धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से जुड़ी हर समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि अब तक 21 हजार 58 किसानों ने 623.2374 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर दिया है। निरीक्षण के दौरान सीसीबी नोडल आरपी मिश्रा, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# लाखों रुपए की लागत से बना शौचालय अनुपयोगी व शोपीस

## ग्रामीण आज भी खुले में शौच जाने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ऐसे कई ग्रामों में शासन प्रशासन द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय बनाया गया, लेकिन शौचालय अनुपयोगी व शोपीस बनकर रह गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कई ग्राम पंचायतों में शौचालयों की स्थिति देखरेख के अभाव में व साफ-सफाई के अभाव में अनुपयोगी साबित हो रही है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा। साथ ही साथ आज भी ग्रामीणजन खुले में शौच जाने मजबूर हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक परिवार को शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार की अनुदान राशि प्रदान की गई थी, ताकि गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाया जा सके और विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित हो सके। बरसात के मौसम में खुले में शौच से होने वाली समस्याओं को देखते हुए यह अभियान पूरे देश में जन आंदोलन के रूप में चलाया गया।

लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई ग्राम पंचायतों में बनाए गए शौचालयों का न तो नियमित रख-रखाव किया जा रहा है और न ही साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। कहीं निर्माण अधूरा है तो कहीं पानी, दरवाजा अथवा साफ-सफाई व्यवस्था का अभाव है, जिससे शौचालय उपयोग योग्य नहीं रह गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर यदि निगरानी और नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए तो इन शौचालयों का सही उपयोग संभव है। वर्तमान स्थिति में शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ग्राम कोलेगांव, कुण्डा एवं दामापुर व आसपास क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में निर्मित शौचालयों की तत्काल जांच कराई जाए, सरपंचों को उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जाएं ताकि स्वच्छ भारत अभियान का वास्तविक लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सके।

## सुरूजपुरा में श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन

**हरिभूमि रणवीरपुर।** समीपस्थ ग्राम सुरूजपुरा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 26 से 28 जनवरी तक आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ 23 जनवरी बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन व रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार श्री अखण्ड नवधा रामायण में प्रथम दिवस 10 किलोमीटर से आने वाले मानस मंडली को समिति द्वारा विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ प्रत्येक मानस मंडली परिवार को 601 रूपए व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष दीनदयाल साहू, उपाध्यक्ष रामावतार साहू, कोषाध्यक्ष जनार्दन, धनेश्वर, सचिव धन्ना साहू, संचालक बलराम यादव व उपसंचालक तुलेश्वर साहू द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच वेदप्रकाश द्वारा दी गई।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की



■ सायकल पाकर स्कूली छात्राओं के चेहरे खुशी से खिले उठें।

हरिभूमि न्यूज ⏭दशरंगपुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को समय पर विद्यालय पहुंचने में सुविधा प्रदान कर उनकी पढ़ाई को निरंतर बनाए रखना है।

इस अवसर पर राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि छात्राएं विद्यालय समय पर पहुंचकर अध्ययन कर सकें, इसी उद्देश्य से शासन द्वारा सायकल योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही बेटियों का सशक्तिकरण संभव है और यह योजना उसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

विद्यालय के प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगडे ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली कई छात्राएं आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं, लेकिन सायकल मिलने से अब वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी और उच्च शिक्षा तक आगे बढ़ सकेंगी।

व्याख्याता रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि ग्रामीण छात्राओं को समय पर स्कूल पहुंचने की चिंता से मुक्ति मिली है, जिससे उनमें अध्ययन के प्रति उत्साह बढ़ा है। वहीं एसएमडीसी अध्यक्ष विजय चंद्राकर ने बताया कि पैदल चलने में लगने वाला समय अब बचेगा और छात्राएं पूरे मनोयोग से पढ़ाई कर सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रभारी हेमधर साहू और व्याख्याता रज्जीकौर चांवला ने बेटियों की पढ़ाई की हसरत होगी पूरी, सायकल से कम होगी दूरी नारे के साथ छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इंदौरी मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू और व्याख्याता पूनम लाल सोनी ने भी योजना को बेटियों की समान शिक्षा का मजबूत आधार बताया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथियों का स्वागत बाजे-गाजे, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने विद्यालय परिसर में बच्चों की कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने के लिए सांस्कृतिक मंच निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया

# अभ्युदय स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अभ्युदय स्कूल में गुरूवार को सीबीएसई सेफ्टी एंड सिक्योरिटी कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा माह वर्ष-2026 के अवसर पर सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा नारे को साकार करने हेतु यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यातायात पुलिस जिला कबीरधाम के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी, मेजर राजेश गौतम एवं आरक्षक राजेश महोबिया साथ ही विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, उपप्राचार्य फजलूर रहमान खान, एडमिनिस्ट्रेटर कुलदीप रजक, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों सहित सभी ड्राइवर एवं कण्डक्टर उपस्थित थें। इस अवसर पर यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा माह की जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय तथा पैदल चलते समय भी सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि जब तक कि उनका वैध लाइसेंस न बन जाए अर्थात 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि आज सड़क दुर्घटनाएं एक महामारी का रूप ले चुकी हैं, जिन्हें समय रहते जागरूकता द्वारा रोका जा सकता है। उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने समझाया कि थोड़ी-सी सावधानी बड़े हादसों को रोक सकती है। जागरूकता को और प्रभावी बनाने हेतु विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें हेलमेट पहनने, वाहन बीमा कराने, सड़क पर अनुशासन बनाए रखने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग अपराध होने जैसे संदेशों को जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इसके पश्चात मेजर राजेश गौतम ने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। उन्होंने शिक्षकों, ड्राइवरों, कंडक्टरों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी से यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करेगा, उसे पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार की योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी दुर्घटनाग्रस्त को बचाकर अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का अतिथियों ने सरल एवं संतोषजनक उत्तर दिया। साथ ही लाइसेंस के विभिन्न प्रकार जैसे लर्निंग, हेवी एवं तकनीकी लाइसेंस की भी जानकारी दी गई तथा अनुशासन में रहने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात आरक्षक राजेश महोबिया ने यातायात संकेतों की जानकारी देते हुए लाल, पीला और हरा संकेत, तथा यातायात पुलिस के हाथों के संकेतों का महत्व समझाया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि हमारी अमूल्य जीवन-रक्षा के लिए यातायात पुलिस के जवान दिन-रात सदैव सजग, सतर्क और चिंतित रहते हैं, ताकि आम नागरिक सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य है। यदि प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे, तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। साथ ही प्राचार्य श्री साहू ने इस जागरूकता अभियान को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए यातायात विभाग के अधिकारियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी सम्माननीय अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# श्री हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा 31 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पावन आयोजन श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का 44वां वर्ष है, जो 31 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्व.माता श्रीमती मथुरा बाई ताम्रकार की पुण्य स्मृति में कृष्ण कुमार रामराज ताम्रकार द्वारा निर्मित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर मोहगांव में यह आयोजन भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में संपन्न होगा। जिसमें 31 जनवरी को श्री हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, 1 से 5 फरवरी तक श्री रामचरित मानस प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3से 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिस पर कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या पं मधुसूदन दास शास्त्री मानस मधुर के मुखारविंद से संगीतमय प्रवचन भक्तजनो को कराया जाएगा। साथ ही साथ रात्रि 8:30 बजे से हनुमत इच्छा तक श्रीधाम वृन्दावन पं प्रशांत कुमार मिश्रा के मुखारविंद किया जाएगा। बताया जाता है कि ग्राम मोहगांव में पूर्व



वर्षो में आयोजित मानस कथा में अनेक सुप्रसिद्ध संत-महात्माओं एवं विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त हो चुका है, जिनमें हरियाचार्य महाराज अयोध्या, मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास, जगद्गुरु विद्यासागर, संत राजेश रामायणी, डॉ रामाधार उपाध्याय, भगवंतानंद, सरोज बाला, आचार्य देव महाराज, अखिल महाराज, विजय लक्ष्मी शास्त्री, प्रज्ञा भारती, सदानंद सरस्वती सहित अनेक विद्वान शामिल होगे। जिस पर आयोजक समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों व भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री रामचरित मानस कथा एवं सत्संग का पुण्य लाभ लेने की अपील की गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-2 वर्ष 2025-26
ग्राम- जैतपुरी, प.ह.नं. 37

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-जैतपुरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा "व्यवसायिक प्रयोजन" में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. 1, आवेदक/आवेदिका का नाम दीप शर्मा, पिता/पति का नाम उमेश शर्मा, जाति ब्राम्हण, ग्राम का नाम- जैतपुरी (तहसील बोड़ला), खसरा नं. 83/8, कुल रकबा 0.158 हे. प.ह.नं. 37 है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 09/02/2026 को प्रातः 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 21/01/2026
पेशी दिनांक 09/02/2026

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला



**अनदेखी:** काम के आभाव में खाली बैठे सरपंचों की पतलून की चाह में लंगोटी भी गई

# ग्राम पंचायतों में विकास कार्य नहीं होने से सरपंचों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

ग्राम पंचायतों में विकास की गंगा बहाने का सपना संजोकर चुनाव जीतने वाले सरपंचों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पंडरिया ब्लाक के वनांचल क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में आलम यह है कि चुनाव में लाखों रुपये पानी की तरह बहाने वाले सरपंच अब ठलहा (खाली) बैठे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि मालदार होने की चाहत में चुनाव लड़ने वाले इन जनप्रतिनिधियों की हालत अब पतलून की चाह में लंगोटी भी गई जैसी हो गई है। सूत्रों की मानें तो पंचायत चुनाव के दौरान कई प्रत्याशियों ने अपनी हैसियत से बढ़कर खर्च किया था। उन्हें उम्मीद थी कि चुनाव जीतने के बाद पंचायत में भरपूर निर्माण और विकास कार्य मिलने से सब मेंटेन हो जाएगा। लेकिन सत्ता की कुर्सी मिलने के बाद हकीकत कुछ और ही निकली। आज स्थिति यह है कि कई सरपंचों के पास अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने तक के पैसे नहीं बच रहे हैं। बताया ये भी जा रहा है इन सरपंचों द्वारा प्रायः हर रोज क्षेत्र के औहदेदार सत्ताधारियों से मेल मुलाकात कर पंचायतों से प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यों की मांग कर रहे हैं लेकिन यहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। खासकर क्षेत्र के वे सरपंच अपने आपको ज्यादा उपेक्षित महसूस कर रहे हैं जो सत्तारूढ़ दल के विपरीत दीगर पार्टियों से ताल्लुख रखते हैं। ऐसे सरपंचों का आरोप है कि शासन और उनके कर्ताधर्ता ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की आवश्यकता और विकास की जरूरत को नहीं बल्कि सरपंचों समर्पित पार्टी देखकर कार्यो की स्वीकृति दे और दिलवा रहे हैं।




### मनरेगा के भरोसे कैसे चलेगा काम

सरपंचों की असली चिंता का कारण निर्माण कार्यों की कमी है। वर्तमान में यदि कुछ कार्य स्वीकृत भी हो रहे हैं, तो वे मुख्य रूप से मनरेगा मद से हो रहे हैं। मनरेगा की कार्यप्रणाली और सख्त मॉनिटरिंग के कारण इसमें भ्रष्टाचार या बचत की गुंजाइश न के बराबर होती है। भारी-भरकम कमीशन और मुनाफे की उम्मीद लगाए बैठे सरपंचों के लिए यह मद ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है।

### विकास कार्यों पर ब्रेक, सरपंचो में मायूसी

पंचायतों में बड़े निर्माण कार्यों की स्वीकृति नहीं मिलने से जहां सरपंचों में मायूसी देखी जा रही है वहीं उन्हें इस बात की भी चिंता खाए जा रही है कि चुनावों में खर्च हुए लाखों की भरपाई कैसे होगी? यह सवाल अब सरपंचों को सोने नहीं दे रहा है? फिलहाल, क्षेत्र के इन जनप्रतिनिधियों के बीच पनपता यह असंतोष आने वाले समय में सरकार के लिए सिरदर्द बन सकता है। अब देखना यह होगा कि सरकार पंचायतों को फंड जारी करती है या इन माननीयों का यह सूखा और लंबा खिंचता है।

# सहसपुर लोहारा के जैन ट्रेडर्स में 4738 बोरी धान और अनाज जब्त

- जांच के दौरान व्यापारी के पास नहीं मिले वैध दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम रणवीरपुर स्थित जैन ट्रेडर्स एवं दाल मिल में मंडी प्रशासन ने औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान फर्म परिसर में 4738 बोरी धान और अन्य अनाज का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में सामने आया कि अनाज के भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था।

अनियमितता पाए जाने पर मंडी प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही सभी 4738 बोरी अनाज जप्त कर लिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मंडी सचिव श्री भंडारी एवं मंडी इंस्पेक्टर मनोज वैष्णव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान फर्म परिसर में कुल 4738 बोरी अनाज बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाया गया। जप्त अनाज में 4453 बोरी धान, 90 बोरी चना, 170 बोरी तुअर, 10 बोरी सोयाबीन तथा 15 बोरी गेहूं शामिल हैं।

निरीक्षण के समय फर्म द्वारा अनाज भंडारण से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर मंडी प्रशासन ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 20/23 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जप्ती प्रकरण दर्ज किया तथा मौके पर पंचनामा एवं सूपूर्दनामा तैयार किया गया। निरीक्षण के दौरान लेखपाल प्रहलाद सिंह ठाकुर एवं सहायक ग्रेड-2 अशोक गुप्ता भी उपस्थित थे।

## रामंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर धार्मिक आयोजन...





**कोदवागोडान।** स्थानीय बीच पारा स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी वर्ष गांठ धूमधाम से मनाई गई। सनातन जन आस्था केंद्र अयोध्या धाम में भव्य मंदिर निर्माण के बाद प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर यहां भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा को नए कलेवरों के साथ सजाया गया था। दोपहर को भजन कीर्तन एवं जय श्रीराम के जयकारों के साथ सजी धजी बालिकाओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात हवन पूजन आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर संचालक श्याम प्रजापति की ओर से प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ नियुक्त



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर 22 जनवरी को एक आदेश जारी करते हुए अभिषेक अग्रवाल अपर कलेक्टर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को प्रशासनिक आधार पर स्थानातरित करते हुए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम के पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है।

### श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण के विक्रय पर रोक

**कवर्धा।** जनस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण (बैच नंबर 114) के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जिला आयुष अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुर्वेदिक औषधि श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण, बैच नंबर 114, निर्माण तिथि 05/2024 एवं एक्सपायरी तिथि 05/2026 का औषधि नमूना तत्कालीन औषधि निरीक्षक सह जिला आयुष अधिकारी, रायगढ़ द्वारा संकलित किया गया था। संकलित नमूने की जांच ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर के शासकीय विश्लेषक द्वारा किए जाने पर उक्त आयुर्वेदिक औषधि में एलोपैथिक औषधि मेटफॉर्मिन की मिलावट पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित औषधि को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी घोषित किया गया है। उक्त तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण, बैच नंबर 114 के विक्रय, भंडारण एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

# ग्राम सरईसेत को नशामुक्त बनाने समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार बढ़ रही शराबखोरी और अवैध शराब बिक्री को देखते हुए विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत सरईसेत में महिला-पुरुषों द्वारा नशा मुक्ति एवं ग्राम सुरक्षा महिला समिति का गठन कर सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की है। इस पहल के अंतर्गत अपने गांव को नशमुक्त बनाने और लोगों को नशाखोरी से दूर करने के ग्रामीणों ने कई कड़े और अहम निर्णय लिए है। जिसके तहत लोग मोहल्लों में शाम के समय गश्त करेंगे। यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते हुए या सार्वजनिक स्थल से शराब पीते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही कराई जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। सरईसेत गांव के नागरिकों द्वारा उठाया गया यह कदम सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। किंतु दूसरी ओर यह भी अत्यंत चिंताजनक है कि गांव में अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वाले तस्करों पर आबकारी विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। शिकायत करने पर न तो फोन उठाए जाते हैं और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही दिखाई देती है। प्रश्न यह है कि जब आम नागरिक और महिलाएं आगे आकर कानून व्यवस्था संभालने का प्रयास कर रही हैं, तो आबकारी विभाग कब जागेगा? अवैध शराब कारोबारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई कब होगी? विभाग की निष्क्रियता से न केवल ग्रामीणों में आक्रोश है बल्कि उनका भरोसा भी डिग रहा है यही वजह है कि अब उन्होने स्वयं ही अपने गांव को शराबखोरी से दूर रखने और नशामुक्त करने का बीड़ा उठाया है।

## किसानों की मांगों को लेकर सीएम से मिला भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधि मण्डल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ कवर्धा के प्रतिनिधि मण्डल ने जिले के गन्ना किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ ने अपने ज्ञापन में मुख्य रूप से गन्ना उत्पादक किसानो गन्ने की प्रोत्साहन राशि को 25 से बढ़ाकर 100 प्रति क्विंटल किए जाने, कारखाना में गन्ना बेंचने वाले किसानों के नियमित भुगतान के लिए मंडी बोर्ड से लोन या नान से शक्कर के एवज में एडवांस राशि दिलाया जाने, कारखाना को पीपीपी मोड पर न दिए जाने, नान द्वारा कारखाना से बाजार भाव में शक्कर का उठाव किए जाने, कारखाना के पुराने ऋण को शक्कर के अंतर की राशि में समायोजित किए जाने, धान खरीदी नोडल द्वारा किसानों के घर में जाकर धान का सत्यापन करना बंद किए जाने तथा पूर्ण धान खरीदी के लिए भी समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह, भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य तुलस धुर्वे, पंडरिया तहसील अध्यक्ष भागवत चंद्राकर, बोड़ला तहसील अध्यक्ष पंकज वर्मा शामिल थे।

# स्काउट गाइड ने लोगों को बताए यातायात के नियम, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर यातायात पुलिस कबीरधाम द्वारा जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इस कड़ी में जिले के सीनियर स्काउट गाइड ओपन टीम भोरमदेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम, कवर्धा द्वारा सार्वजनिक स्थल,चौक-चौराहों पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित बैनर, पोस्टर एवं जागरूकता श्लोक। इन माध्यमों से नागरिकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैनर एवं पोस्टरों के माध्यम से विशेष रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव न करने, तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों में यात्रा न करने, दोपहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठने वाले यात्रियों द्वारा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रेरणादायक कविताओं, प्रभावी स्लोगनों एवं संदेशात्मक पोस्टरों के माध्यम से नागरिकों को सरल, रचनात्मक एवं प्रभावी तरीके से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे समाज में सुरक्षित यातायात के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है कि लगभग 78.7 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं चालकों की त्रुटियों के कारण होती हैं। इन त्रुटियों में प्रमुख रूप से शराब अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करना, क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन चलाना तथा थकान की अवस्था में वाहन चलाना शामिल है।

## जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया गया मोतियाबिंद जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन 22 जनवरी को जिला चिकित्सालय कबीरधाम में किया गया। यह शिविर समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा स्थानीय जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया। कवर्धा विकासखंड से 36, बोड़ला से 36, पंडरिया से 20 तथा सहसपुर लोहारा से 25 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन हुआ। इस प्रकार कुल 117 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया है। इसमें 94 मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया। शिविर में चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों का मोतियाबिंद ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में 1 फरवरी से कराया जाना संभावित है। इसकी जानकारी संबंधित हितग्राहियों को अलग से दी जाएगी। शिविर में समाज कल्याण कबीरधाम की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा, मुख्य अस्पताल के सिविल सर्जन और अधीक्षक केशव ध्रुव, नेत्र सर्जन डॉ. क्षमा चोपड़ा, नेत्र सहायक अधिकारी धीरेन्द्र शर्मा, श्रीमती अनामिका मड़रिया, देवकुमार कौशिक सहित समाज शिक्षा संगठक, पंचायत कर्मचारी तथा समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**वन विभाग एवं राजस्व विभाग बना मूकदर्शक, लोगों व पर्यावरण प्रेमियों में असंतोष**

# लकड़ी व्यापारी रेंगाखार क्षेत्र में धड़ल्ले से कर रहे पेड़ों की अवैध कटाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार

जिले के रेंगाखार तहसील अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में इन दिनो हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से की जा रही है। आलम ये है कि छत्तीसगढ़ से लेकर मध्यप्रदेश के लकड़ी व्यापारी इस क्षेत्र से आम सहित विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की कटाई में जुटे हुए हैं। सूत्रों की माने तो इन व्यापारियों द्वारा बकायदा बैटरी चलित आरा मशीन की मदद से पेड़ों की तत्काल कटाई कर उसे ट्रकों में भरकर ठिकाने लगाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस तरह की अवैध कटाई तहसील मुख्यालय रेंगाखार से लेकर क्षेत्र के ग्राम कोसाटोला, रामपुर, सिवनी, बरेण्डा, खमराहा, चमारी, नागबाही आदि ग्रामो में बेखौफ चल रही है। वहीं अगर वन विभाग और राजस्व विभाग की बात की जाए तो इन जिम्मेदार विभाग के आला अधिकारी मूक दर्शक बने बैठे है जिसे लेकर क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों व ग्रामीणों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अमर सिंह खसरों के मुताबिक क्षेत्र के जंगलों के अलावा क्षेत्र की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, पीडब्ल्यूडी सड़क तथा शासकीय भूमि में लगे पेड़ों की भी बगैर अनुमति अवैध कटाई की जा रही है। ग्राम पंचायत सिवनी के एक पंच ने बताया कि यहां कुछ ऐसे हरे-भरे आम के पेड़ों की भी अवैध कटाई की गई है जिन पर वन विभाग ने बकायदा नम्बरिंग की गई थी। इस संबंध में रेंगाखार के तहसीलदार श्री ध्रुव ने कहा कि वे मामले की जांच कराने तथा मौका मुआयना कराने क्षेत्र के हल्का पटवारियों को निर्देश देंगे।

# ब्लाक मुख्यालय पंडरिया के करीब पहुंचा भटककर आया जंगली हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पंडरिया क्षेत्र के सीमावर्ती ईलाकों के जंगलों में इन दिनो दल से बिछड़ कर एक हाथी विचरण कर रहा है। बताया जाता है यह हाथी गुरूवार की सुबह ग्राम मुनगाडीह के पास देखा गया था जो दोपहर को निगम के क्षेत्र में चला गया। हाथी का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। बताया जाता है कि इस बार हाथी ब्लाक मुख्यालय से महज 5 - 6 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच गया है। गुरूवार की शाम को हाथी को पंडरिया से करीब 6 किलो मीटर दूर गांगपुर और लाडंगपुर के बीच देखा गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि रात में वह पुनः क्रांति जलाशय की ओर लौट सकता है। वन विभाग और वन विकास निगम की टीमें लगातार हाथियों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए हैं। विभाग द्वारा जंगल से लगे गांव में मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शाम ढलने के बाद जंगल की ओर न जाएं और हाथी को न छेड़े। एसडीओ सुयषधर दिवान ने बताया कि हाथी लगातार मूवमेंट कर रहा है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## सार समाचार

### घोरदा में सात दिवसीय शिविर का आगाज

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम घोरदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। 19 से 25 जनवरी



तक आयोजित शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवक ग्रामीण विकास और सामाजिक जागरूकता के विभिन्न प्रकल्पों पर कार्य करेंगे। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. एसके पटेल, सूर्यकांत साहू, उमेश साहू एवं प्रबुद्ध ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुआ। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है, जहां वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को सीखते हैं। डॉ. एसके पटेल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के मार्गदर्शन में शिविर में कुल 100 स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे हैं। जिनमें 40 छात्र और 60 छात्राएं शामिल हैं। शिविर के संचालन के लिए छात्र नेतृत्व की घोषणा की गई। शिविर नायक-नायिका शिवम यादव एवं टिकेश्वरी देवांगन, उप शिविर नायक-नायिका रुस्तम नुरेटी एवं दिव्या यादव है। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्राम घोरदा में स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जागरूकता रैली, स्वास्थ्य सर्वेक्षण और बौद्धिक चर्चाओं के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद करेंगे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर महापौर ने किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वामी विवेकानंद चौक (कमला कॉलेज चौक) में नगर निगम द्वारा स्थापित स्वामी की प्रतिमा स्थल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस



अवसर पर पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख समेत डीसी जैन, टोपेन्द्र सिंह व निगम के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। महापौर श्री यादव ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते कहा कि वे एक भारतीय, संयासी और दार्शनिक थे, जो वेदांत और योग के अपने उपदेशों के लिए प्रसिद्ध है, जिन्होंने पश्चिमी दुनिया में भारतीय दर्शन को पेश किया और 1893 के शिकागो धर्म संसद में अपने ऐतिहासिक भाषण से विश्व स्तर पर पहचान बनाई। वे रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे और उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो समाजसेवा और मानवता के लिए समर्पित है। जिससे वह भारतीय युवाओं के लिए एक महान प्रेरणा स्त्रोत बन गए।

### संस्कार सिटी कॉलेज में फ्रेशर पार्टी आयोजित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के पुष्प-गुच्छ एवं तालियों के साथ आत्मीय



स्वागत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिससे पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। इस वर्ष खुशी वैष्णव को मिस फ्रेशर तथा निखिल कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। दोनों को चयन की घोषणा के बाद शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

### तुमड़ीबोड़ में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा के दिशा निर्देशानुसार जिला भाजपा राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन कल शुक्रवार को सुबह 11 बजे तुमडीबोड मंडल में आयोजित किया गया है।
जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डीकेश साहू ने बताया कि वीबी जी-राम-जी विषय पर जनजागरण हेतु आयोजित कार्यशाला एवं सम्मेलन में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य वक्ता सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मारकंडे, प्रदेश भाजपा संभाग प्रभारी दुर्ग उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी जितेंद्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति रहेगी। जी-राम-जी विषय के जिला संयोजक दिनेश गांधी ने बताया कि बैठक एवं कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारीगण, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्षगण, नव-नियुक्त जिला पदाधिकारीगण एवं मंडल प्रभारी/सह-प्रभारी, समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, वीबी जी-राम-जी योजना के जिला एवं मंडल टोली, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्षगण एवं सदस्यगण, किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारीगण, सेवा सहकारी समिति के समस्त अध्यक्ष, समस्त मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, सरपंच, उपसरपंच आदि की उपस्थिति अपेक्षित है। योजना के सह-संयोजक रविन्द्र वैष्णव, अशोक देवांगन, सुरेश वर्मा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित होकर बैठक एवं कार्यशाला को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### हरदीटेका मंड़ई आज

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव हरदीटेका में मंडई-मेले का आयोजन कल 23 जनवरी को रखा गया है। वहीं रात्रि में नाचा पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा। परमानंद वर्मा ने बताया है कि इस मड़ई को आसपास क्षेत्रों की बड़ी मंडई मना जाता है।




## मारपीट के मामले में फरार आरोपी दबोचा गया, मचा हड़कंप

# कॉम्बिंग गश्त में पचास से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पचास से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच की गई। जिससे हड़कंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में पुलिस बल को आवश्यक ब्रीफिंग कर पुलिस की 4 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

उक्त कॉम्बिंग गश्त में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, डीएसपी मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक अजाक केपी मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंड किरो सहित सभी संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे। पुलिस के अनुसार इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी। जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे एवं अपराधियों में भय का माहौल कायम हो।



### अपराधियों की बन रही कुंडली

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आदतन अपराध से जुड़े लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है। बताया गया कि एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर सभी थानेदार अपने क्षेत्र के ऐसे लोगों की जानकारी तैयार कर एसपी कार्यालय को उपलब्ध करा रहे है, तो लंबे समय से अपराध की दुनिया में शामिल है। बताया गया कि जिले में नामचीन अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है। जिससे जिले में जारी अपराध के ग्राफ पर अंकुश लगाया जा सकें। इसके अलावा चाकूबाजी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए ऑनलाइन मंगाए जाने वाले चाकूओं पर भी निगरानी रखी जा रही है।

### देर रात ना घूमने की हिदायत

साथ ही पूर्व में अपराध में संलिप्त नाबालिग बालकों के घर जाकर उनके माता-पिता को बच्चों को रात्रि में बाहर न घूमने देने की समझाइश दी गई। देर रात्रि तक सार्वजनिक एवं सूनसान स्थानों पर अलाव जलाकर नशे की हालत में बैठे व्यक्तियों को चेक कर उन्हें अपने-अपने घर जाने एवं देर रात बाहर न घूमने की हिदायत दी गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान चौकी चिखली के धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) बीएनएस के फरार आरोपी धर्मेंद्र तलकई 23 वर्ष निवासी स्टेशनपारा को धरदबोचा गया।

### संदिग्धों की हुई जांच

पुलिस की इन टीमों द्वारा थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग एवं पुलिस चौकी चिखली क्षेत्रों के संवेदनशील मोहल्लों एवं कॉलोनियों में सघन कॉम्बिंग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 70 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीम ने शहर के गली-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों एवं सूनसान क्षेत्रों में व्यापक रूप से भ्रमण कर 50 से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच-पड़ताल की। अभियान के दौरान सक्रिय गुंडा बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई।

### नेशनल मैराथन में भाग लेने टीम रवाना



**राजनांदगांव।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ दिल्ली द्वारा 60वीं राष्ट्रीय मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 23 जनवरी से झारखंड के रांची में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के 36 बच्चे भाग लेने आज कुर्ला हटिया एक्सप्रेस से रवाना हुए। इस छत्तीसगढ़ की टीम में राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के 8 बच्चे भी भाग ले रहे हैं। जिसमें 4 बालक और 4 बालिकाएं शामिल है। यह दल आज रांची रवाना होने से पहले राजनांदगांव जिले की एसपी अंकिता शर्मा से आशीर्वाद लिया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने दल रवाना हुआ। दल का नेतृत्व छत्तीसगढ़ पुलिस के कामता प्रसाद यादव करेंगे, जो राजनांदगांव में पदस्थ है, एनआईएस कोच भी हैं।

दल को रवाना करने के पहले पुलिस कप्तान अंकित शर्मा से दल के साथ भेंट करने पहुंचे जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, जिला ओलंपिक संघ के सचिव अरूण शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिले के सचिव रणविजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ब्यौहारे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, सह-सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा ने सभी बच्चों को सफलता के लिए आशीर्वाद दिया।

## धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा, ग्रामीण, किसान, मजदूरों से जुड़े पांच अलग-अलग मामलों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। बड़ी संख्या में आज कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और विभिन्न मुद्दों को लेकर अपना विरोध जताया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों ने राज्यपाल नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार को जनहित में आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की। विपिन यादव ने कहा कि मनरेगा जैसी कानूनी रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करना ग्रामीण भारत के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों की शक्तियों को सीमित कर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर अनेक किसानों को टोकन प्राप्त नहीं होने के कारण वे धान विक्रय करने से वंचित हो रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त किसानों के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन के नाम पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा छापेमारी किया जाना उचित नहीं है।

### बिजली दरों से जनता त्रस्त

कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि महंगी बिजली दरों से आम जनता बुरी तरह परेशान है। बढ़ते बिजली बिलों ने गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना को तत्काल लागू कर जनता को वास्तविक राहत दी जाए।

## ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास, ताला टूटा

**राजनांदगांव।** छग राज्य ग्रामीण बैंक का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छग राज्य ग्रामीण बैंक भोलापुर शाखा में बीती रात बैंक का चैनल गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। अज्ञात चोरों ने शाखा प्रबंधक के केबिन का भी ताला तोड़ा। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी पी. यशवंत कुमार ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा

**राजनांदगांव।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों द्वारा उत्साहपूर्वक धार्मिक आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा 11 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।



श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा अवसर के वर्षगांठ को धार्मिक वातावरण में उत्साहपूर्वक मनाने के लिए श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करते श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई। यहां मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई।

### मंदिर परिसर को दीयो से सजाया

महिला मंडल द्वारा श्री बालाजी हनुमान मंदिर को दीयों से सजाते हुए रोशनी की गई। इस आयोजन को लेकर महिला मंडल की मौसमी शर्मा एवं मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें 11 बार हनुमान चालीसा पाठ और श्रीराम स्तुति की जा रही है।

## परमेश्वरी महोत्सवः भक्ति के साथ खेल और मनोरंजन का रोमांच

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी पर देवांगन समाज अपनी कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती को महोत्सव के रूप में मनाने जा रहा है। शहर की सभी इकाई संगठनों द्वारा विविध आयोजन कराए जाएंगे।

मुख्य कार्यक्रम नगर देवांगन समाज द्वारा गुरु घासीदास भवन जीई रोड में कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त शंकरपुर, बसंतपुर, तुलसीपुर-ममतानर, मोतीपुर व बजरंगपुर नवागांव में भी समारोह होगा। दोपहर 2 बजे उदघाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि व अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि व अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार करेंगे।

### बंधेंगे परिणय सूत्र में

सामाजिक खर्च पर इस वर्ष दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। नवीन नगर नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी विजय कुमार का विवाह दपका की लक्ष्मी देवांगन के साथ होगा। शंकरपुर निवासी भुवनलाल की शादी इंदिरा माता नगर नागपुर की सुलोचना के साथ पारंपरिक रूप से कराई जाएगी।

